RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



हो जाओ सावधान

Bharatsamman.com  Bharat samman  Bharat Samman

वर्ष-14 अंक-26 — अम्बिकापुर, सोमवार, 06 मई 2024 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# राजनीति की पिच पर कंगना हुई हिट विकेट, तेजस्वी यादव की जगह बोल गई कुछ और हीं...

**नई दिल्ली।** कंगना बॉलीवुड में भले ही एक बड़ा नाम है लेकिन राजनीति के क्षेत्र में वो अभी काफी नई है। हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है और वो लगातार कांग्रेस के साथ ही इंडी एलायंस पर हमलवार भी है। हालांकि ये भी सच है कि कंगना अभी इस फिल्ड में नई है और इसके एक नया उदाहरण देखनो को भी मिला है। कंगना का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है जिस पर लोग मजेदार तरह से प्रतिक्रया दे रहे हैं।



## क्या खास है वायरल वीडिया में

वायरल हो रहे इस वीडियो में वीडियो में कंगना अपने संबोधन में गलती से तेजस्वी यादव की जगह तेजस्वी सूर्या का नाम लेते हुई दिखाई दे रही हैं। जाहिर सी बात है कि उनके निशान में बिहार के कद्दावर नेता तेजस्वी यादव थे लेकिन उन्होंने गलती से इसकी जगह तेजस्वी सूर्या के नाम ले लिया। वीडियो के वायरल होने के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर रिएक्शन दिया है. उन्होंने कंगना पर तंज कसते हुए लिखा-ये मोहतरमा कौन है....

## शहजादों पर निशाना साध रही थी कंगना

वायरल हो रहे इस वीडियो में कंगना एक बार फिर से अपने जाने पहचाने अंदाज में विरोधी दलों के नेताओं पर हमला कर रही थी।कंगना रनौत कह रहीं थीं कि इन शहजादों को खुद नहीं पता कि ये कहां आ रहे हैं या कहां जा रहे हैं। ये इस तरह के शहजादों की पार्टी है. चाहे राहुल गांधी हों या कोई औरज्इस बीच कंगना की जुबान फिसली और उन्होंने तेजस्वी यादव की जगह तेजस्वी सूर्या का नाम ले लिया और कहा कि वे गुंडागर्दी करते हैं और मछली उछाल-उछालकर खाते हैं।

## अलीराजपुर व खरगोन में आज राहुल गांधी की सभा



**भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार छह मई, 2024 को दोपहर 12 बजे अलीराजपुर जिले की जोबट में और अपराह्न तीन बजे खरगोन जिले के नौगांव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मप्र के प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूव्र केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी छह मई को सुबह 11 बजे राहुल गांधी की सभा से इंदौर से हेलीकाप्टर से 12 बजे जोबट पहुंचेंगे।

# एक-एक लाख के तीन ईनामी माओवादियों के साथ 35 ने किया आत्मसमर्पण



**दंतेवाड़ा।** दक्षिण बस्तर के तीनों जिले के सरहदी इलाकों में सक्रिय 35 माओवादियों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है, इनमें से तीन माओवादियों पर शासन की ओर से एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। दक्षिण बस्तर में पुलिस व सीआरपीएफ का माओवादियों पर बढ़ते दवाब का परिणाम नजर आने लगा है. जिसके असर के तौर पर सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में सक्रिय 35 माओवादियों ने एक साथ आज समर्पण किया है. आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों की मौजूदगी में मीडिया को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि माओवादी खोखली विचार धारा को समझ चुके हैं. जो लोग नक्सली संगठन को छोड़ कर आ रहे हैं, उनको शासन की पुनर्वासनीति का पूरा लाभ मिलेगा.

# भाजपा ने गौमांस बेचने वाली कंपनी से 100 करोड़ रुपए चंदा लिया : दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** दिग्विजय सिंह ने दावा किया है कि भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर गौमांस बेचने वाली कंपनी से 100 करोड़ रुपए का चंदा लिया है। दिग्विजय सिंह राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार दिग्विजय सिंह ने साफ तौर पर भाजपा को गौ माता का विरोधी बताया है। नुक्कड़ सभा में मंच से भाषण देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा के राज में गौ माता दाना पानी के लिए तरस गई है। दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उनके शासन में कई गौशलााएं खोली गई थी। गौ माता के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई। लेकिन आज भाजपा शासन में गौमाता सड़कों पर मारी-मारी घूम रही हैं। जीवन का आखिरी चुनाव लड़ रहे दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा सांसद रोडमल नागर ने क्षेत्र में कुछ नहीं दिया। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जनता के समर्थन के कारण भारतवर्ष ने मुझे पहचान मिली है।



# राजनांदगांव में हिप्नोटाईज करके ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भांडाफोड़

## पुलिस ने 4 शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ पुलिस ने हिप्नोटाइज करके ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के हत्थे चढ़े इन शातिर ठगों ने 13 अप्रैल को सांई भक्त बनकर डोंगरगढ़ की एक महिला को हिप्नोटाइज किया, फिर परिजनों की मृत्यु का भय दिखाकर उसके पास रखे कीमती आभूषण ले उड़े. मामले की शिकायत के बाद डोंगरगढ़ थाना पुलिस ने आरोपियों की पातसजी करते हुए उन्हें महाराष्ट्र से धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक, कालकापारा निवासी महिला से ठगी के बाद शातिर ठग आभूषण लेकर महाराष्ट्र अमरावती अपने घर चले गए थे. इस दौरान अपने आप को ठगा महसूस होने पर महिला ने पूरे मामले की रिपोर्ट डोंगरगढ़ थाना पुलिस में लिखाई. जिसके बाद डोंगरगढ़ थाना पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और अन्य आधारों



पर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक नग नेकलेस, 2 नग सोने का चेन सोने का टॉप और सोने के अन्य आभूषण और साई रथ को बरामद किया है। मामले में पुलिस ने अनिल सावंत (उम्र 34 साल) पिता एकनाथ सावंत, शरद सावंत (उम्र 27 साल) पिता गणेश सावंत, शंकर शेगर (उम्र 38 साल) पिता बापू राव शेगर और आकाश सनिचे (उम्र 30 साल) पिता पंजाब राव सनिसे को गिरफ्तार किया है. सभी आरोपी महाराष्ट्र के अमरावती के रहने वाले है.

## डोंगरगढ़ पुलिस की लोगो से अपील

**डोंगरगढ़ पुलिस ने लोगो से अपील करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के किसी भी थाना में सांई रथ में आकर चोरी, लूट या हिप्नोटाईज करके ठगी करने वाले गिरोह के संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज हुआ होगा, तो थाना डोंगरगढ़ से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं. इस प्रकार के ठग गिरोह के झांसे में न आए. ऐसा गिरोह कहीं दिखाई देता है तो नजदीकी थाना को सूचित अवश्य करें.**




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

### बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा को लेकर नीतिगत पहल करने की जरूरत

हमारे देश में सामान्य तौर पर बुजुर्गों की अहमियत है। सभी अपने घर के बड़े-बूढ़ों का खयाल रखने की कोशिश करते हैं। मगर उनकी सामाजिक सुरक्षा को लेकर अपेक्षित नीतिगत व्यवस्था की कमी रही है। खासकर ढलती उम्र में उनके स्वास्थ्य का खयाल रखने के लिए बीमा जैसी व्यवस्था में भी अभी तक उनके लिए पर्याप्त जगह नहीं रही है। यह बेवजह नहीं है कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचले पायदान पर है। 'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से गुरुवार को जारी एशियाई विकास बैंक की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाना वक्त का तकाजा है। हालांकि गरीब लोगों को नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजना आने के बाद से बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन इस ओर विशेष ध्यान देना समाज और देश के हित में है, क्योंकि अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश' ज्यादा हो सकता है। दरअसल, बदलती स्थितियों में बुजुर्गों को अपनी सेहत के लिहाज से ज्यादा संसाधनों की जरूरत पड़ती है। परिवार और समाज के अतिरिक्त व्यवस्थागत ढांचे में कुछ ऐसे नियम-कायदे हैं, जिनमें कई बार बुजुर्गों को या तो उपेक्षा झेलनी पड़ती या फिर उन्हें कमतर सुविधाएं मिलती हैं। मसलन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमा के मामले में देखें तो ज्यादा उम्र के लोगों के लिए जैसी शर्तें रखी गई हैं, उसमें उनका कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाता। जबकि बढ़ती उम्र के साथ सेहत के लिहाज से कई ऐसी स्थितियां पैदा होती हैं, जिनमें उन्हें स्वास्थ्य बीमा की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। हालांकि अब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने बुजुर्गों को भी बीमा खरीदने की सुविधा प्रदान कर दी है। पर स्वास्थ्य बीमा का खर्च कम और उनकी पहुंच में होना चाहिए। इस संदर्भ में देखें तो एशियाई बैंक विकास की ताजा रिपोर्ट नीतिगत स्तर पर ठोस पहल की जरूरत को रेखांकित करती है।

# धान के अंतर की राशि को कांग्रेस तरसा-तरसा के चार किश्त में देती थी - विष्णु देव साय

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को चारागाह बनाकर भ्रष्टाचार किया, भारत को विश्व मित्र बनाना है चुनाव अभियान के अंतिम दिन मुख्यमंत्री दिखे कांग्रेस पर और अधिक आक्रामक








**रायपुर/सूरजपुर/बरमकेला।** कांग्रेस की सरकार थी तब किसानों को धान के अंतर की राशि को चार किश्त में तरसा-तरसा के देती थी। अब हमारी सुशासन की सरकार है एकमुश्त धान खरीदी हो रही है। क्योंकि हम जो बोलते हैं वो करते हैं, कांग्रेस पार्टी की तरह झूठ नहीं बोलते।

छत्तीसगढ़ में होने वाले तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए आज प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कांग्रेस पर और अधिक आक्रामक दिखे। सूरजपुर की सभा में श्री साय जब भाषण दे रहे थे तब मंच में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पांच साल छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा किया, लेकिन कांग्रेस ने अपनी जेब भरी। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से 36 वादे किए, जिनमें एक भी पूरा नहीं किया। पांच साल जनता के साथ धोखाधड़ी की। खनिज संसाधनों से भरपूर हमारे प्रदेश को चारागाह बनाकर भ्रष्टाचार किया।

सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ दी, इसलिए जनता ने उन्हें नकार दिया। छत्तीसगढ़ की जनता ने बड़े विश्वास से कांग्रेस को सत्ता की बागडोर सौंपी थी, पांच साल क्या हुआ सभी ने देखा। मैं आप सभी से वादा करता हूं जनता के हक़ का जितना भ्रष्टाचार कर कांग्रेस नेताओं ने अपनी तिजोरी भरी है, उन सबकी जांच होगी दोषियों को सजा मिलेगी। भ्रष्टाचार की जांच हम कर रहे हैं, अब जल्द ही दोषी हवालात के पीछे होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि ये चुनाव देशवासियों के हित के लिए 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। श्री साय ने लोकसभा चुनाव को मोदी जी के नेतृत्व में 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और 2047 तक विकसित भारत बनाने का चुनाव बताया। विष्णु देव साय ने अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के तीसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी हो चुकी है, जिससे कि प्रदेश के रामभक्त अयोध्या में भांचा राम के दर्शन का लाभ पा रहे हैं। 5500 रूपये प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदने के भी आदेश दे दिए हैं और खरीदी के लिए हमनें 15 दिनों का समय भी तय कर दिया है। चरण पादुका योजना की भी पुन: शुरुआत होगी। साथ ही उन्होंने मोदी की गारंटी में जो बचे वादे हैं उनको भी सांय-सांय पूरा करने की बात कही।

सारंगढ़ के बरमकेला पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमें भारत को विश्व मित्र बनाना है। इस विचार का मकसद भारत को एक स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्थापित करना है, जो चीन से अलग, अमेरिका से अलग और यूरोपीय लोगों से अलग हो। इस अवधारणा में दोस्ती, सहयोग, सह-अस्तित्व और पारस्परिक लाभ शामिल है। मोदी जी ने कहा है कि भारत के सामर्थ्य को लेकर भारतीयों और दुनिया के मन में कोई किन्तु-परंतु नहीं है और विकास को लेकर देश का दृष्टिकोण वैश्विक कल्याण होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना काल में भारत ने जिस प्रकार से देश को आगे बढ़ाया है दुनिया ने देश के सामर्थ् ?य को देखा है। यह सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत ने %विश्वामित्र% के रूप में अपनी जगह बनाई है और पूरी दुनिया भारत में एक मित्र को देख रही है। सीएम साय ने कहा कि अपनी स्पष्ट हार देख कर कांग्रेस जनता के बीच मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ झूठ बोलकर भ्रम फैला रही है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर संविधान खत्म हो जाने का झूठ, आरक्षण खत्म हो जाने का झूठ, चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना का पैसा बंद हो जाने का झूठ, धान की इकतीस सौ रुपए खरीदी न होने का झूठ, पीडीएस का चावल बंद हो जाने का झूठ वे लगातार बोल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी और भाजपा के रहते आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता। साथ ही भाजपा की किसी भी जनहितैषी योजनाओं के बंद नहीं होने की बात उन्होंने जनता से कही।

### नवीन जिंदल जैसे बड़े कांग्रेसी आज भाजपा में हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में भारी बिखराव है। कांग्रेसी आपसी कलह से जूझ रहे हैं। जिसके कारण लगातार कांग्रेसियों का भाजपा में प्रवेश हो रहा है। आज नवीन जिंदल जैसे बड़े कांग्रेस नेता भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक पच्चीस हजार से ज्यादा कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया है। जिसमें महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक से लेकर जनपद अध्यक्ष तक शामिल हैं।

### भारत जोड़ो की बात करने वालों से घर नहीं जुड़ रहा

सीएम साय ने कहा कि नारी न्याय की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में उनकी ही महिला राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ अन्याय हो रहा है, कांग्रेस नेता द्वारा उनका अपमान किया गया। ऐसे कांग्रेसी छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को क्या न्याय दिला पाएंगे और बात कर रहे हैं नारी न्याय योजना की। भारत जोड़ो की बात करने वाली कांग्रेस आज अपने घर को नहीं जोड़ पा रही है। इसलिए जनता उनके भ्रम में नहीं आएगी, कांग्रेस को फिर से सबक सिखाएगी।

### अपने परिवार के बीच आया हूँ

श्री साय ने बरमकेला में कहा कि आज अपने परिवार के बीच आया हूँ। अपने पुराने कार्यक्षेत्र में आया हूँ। आप सभी के आशीर्वाद से मुझे लगातार चार बार सांसद के रूप जनसेवा करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को सांसद बनाने का आग्रह किया।

# जब कलेक्टर डाकू गब्बर सिंह और सीईओ बने नेता जी

## स्वीप शोले डायलाग- 'ये हाथ मुझे देदे ठाकुर', पांव की उंगली से वोट डालकर पेश की मिसाल

**मुंगेली।** पुराने जनरेशन से लेकर वर्तमान जनरेशन के लोगों की जहन में आज भी शोले फिल्म का डायलॉग, 'कितने आदमी थे रे कालिया.दो सरदार, ये हाथ मुझे देदे ठाकुर .वगैरह- वगैरह जिंदा है. मुंगेली जिले में जिला प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान किस कदर चल रहा है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मतदाता जागरूकता के एक नाट्य रूपांतरण में कलेक्टर ने खुद ही शोले का डाकू गब्बर सिंह बने कलाकार के लिए आवाज दी. उनके साथ मे स्वीप के जिला नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने नेता जी के लिए संवाद कर कदम से कदम मिलाकर कार्यक्रम में रंग जमाया।

दरअसल, मुंगेली के बीआर साव मैदान में स्वीप कॉर्निवाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मतदाता जागरूकता से जुड़े कई पारंपरिक गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ. लेकिन लोगों के लिए सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाला प्रोग्राम शोले मूवी के फेमस डायलॉग पर आधारित मतदाता जागरूकता का संदेश देते वो शोले का नाट्य रूपांतरण रहा, जिसे स्वीप शोले नाम दिया गया था. स्वीप शोले के संवाद में खुद ही जिले के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने गब्बर सिंह बने कलाकर के लिए आवाज दी थी.इसमें भूमिका निभाने वाले किरदारों में टीम का हौसला बढ़ाते हुए गब्बर सिंह का आवाज (संवाद)खुद कलेक्टर राहुल देव,




नेता जी का संवाद जिला सीईओ प्रभाकर पांडेय और बाकी अन्य किरदारों के भी संवाद प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों का ही था. हालांकि नाट्य रूपांतरण करने वाले लोगों ने भी संवाद के अनुरूप ही नाटक किया. शोले के दृश्य और संवाद को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने काफी मेहनत किया गया था. फिल्मी डायलॉग पर आधारित प्रशासनिक अधिकारियों के रिकॉर्डेड आवाज के साथ मंच पर नाट्य के रूप में जब कलाकारों ने विभिन्न दृश्य पेश किया तब लोगों ने खूब एन्जॉय किया और एक-एक कलाकार ने इस पर जान डालने में कम समय की तैयारी भी कोई कमी नहीं की. यही वजह है कि लोगों को यह खूब पसंद आया।

# राधिका खेड़ा ने कांग्रेस पार्टी से दिया इस्तीफा

## 'एक्स' पर लिखा- हां मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं और वहीं अब मैं कर रही हूं

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होने से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया को-ऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।छत्तीसगढ़ कांग्रेस दफ्तर में स्थानीय नेताओं की बदसलूकी से नाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा पोस्ट करते हुए लिखा है, 'आज अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं और अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। हां मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं, और वही अब मैं कर रहीं हूं। अपने व देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी।'

दरअसल, राधिका खेड़ा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेताओं के बीच विवाद हुआ था। मामला मंगलवार का बताया जा रहा है, जब मीडिया में बयान देने को लेकर नेताओं में विवाद हो गया। कहा जा रहा है कि रायपुर में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में राधिका खेड़ा स्थानीय नेताओं और प्रवक्ताओं के साथ मौजूद थीं, विवाद तभी हुआ। अटकलें हैं कि राधिका भाजपा ज्वाइन कर सकती हैं।


### कौन है राधिका खेड़ा?

आईआईटी अहमदाबाद से ताल्लुक रखने वाली राधिका खेड़ा वर्तमान में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं और छत्तीसगढ़ में पार्टी के लिए मीडिया विभाग को संभाल रही हैं। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव दिल्ली की जनकपुरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था लेकिन वह हार गई थीं। वह पार्टी की महिला विंग के कार्यक्रमों में लगातार दिखाई दी थीं। उनके इस्तीफे पर कांग्रेस पार्टी की ओर से फिलहाल किसी तरह का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



# गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान, राधिका खेड़ा केस की शिकायत मिलने पर करेंगे कड़ी कार्रवाई

रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने आखिकार अब कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेज दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में कांग्रेस नेताओं पर कई आरोप लगाए हैं। वहीं अब मामले में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है। विजय शर्मा ने कहा कि राधिका खेड़ा के कांग्रेस से इस्तीफे की सूचना अभी मिली है। अगर बार-बार गुहार लगाने के बाद भी पूरी पार्टी ध्यान नहीं देती है तो यह चिंता का विषय है। ऐसे में ही इंसान को ऐसा ही कदम उठाना पड़ता है। उनकी पार्टी में सुनवाई नहीं हुई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज खुद इस मामले की मुख्य जांचकर्ता थे, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ सरकार और प्रशासन के पास यह विषय आता है तो निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के बीच विवाद हुआ था। इसी से आहत होकर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आदिकाल से ये स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता रहा है। हिरण्यकशिपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण हैं। वर्तमान में प्रभु श्री राम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह विरोध कर रहे हैं। हर हिंदू के लिए प्रभु श्री राम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और राम लला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है वहीं कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं।



### राधिका खेड़ा के इस्तीफे पर भाजपा ने दी प्रतिक्रिया, कहा- कांग्रेस ने उनके साथ न्याय नहीं किया

**रायपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के पार्टी से इस्तीफा दिए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रतिक्रिया सामने आई है. भाजपा प्रवक्ता राजीव चक्रवर्ती ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राधिका खेड़ा के साथ न्याय नहीं किया गया. कांग्रेस पार्टी को आत्मचिंतन की जरूरत है कि आखिर क्यों लगातार लोग पार्टी को छोड़कर क्यों जा रहे हैं. भाजपा प्रवक्ता राजीव चक्रवर्ती ने अपने बयान में कहा कि अन्तोगत्वा दूसरी नेत्रियों की तरह कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा भी पार्टी को छोड़कर चली गई. उनका दोष इतना था कि रामलला मंदिर के लिए दर्शन के लिए गई थी. कांग्रेस पार्टी के अंदर उनका अंतर्द्वंद चल रहा था. कांग्रेस पार्टी ने उन्हें न्याय नहीं दिया, जैसे दूसरी महिलाओं को न्याय नहीं दिया। राजीव चक्रवर्ती ने कहा कि यह एक बड़ी विडंबना है कि कांग्रेस पार्टी में चाहे विधायक हों, या चाहे विधायक हों, या महापौर हों, प्रबुद्धजन चाहे गौरव वल्लभ, आचार्य प्रमोद कृष्णन हों, सारे कांग्रेस पार्टी छोड़कर जा रहे हैं. कांग्रेस पार्टी को आत्मचिंतन की आवश्यकता है. आखिर क्यों बार-बार लगातार लोग कांग्रेस पार्टी छोड़ रहे हैं. और लड़की हूं, लड़ सकती हूं का कांग्रेसी नारा ढकोसला है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी के अंदर महिलाओं की कोई सम्मान नहीं है।

# विष्णु देव बोले : मुझे यहां तक पहुंचाने वाले कार्यकर्ता हैं

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीतेंगे सभी 11 सीटें



रायपुर। कार्यकर्ता ही सब कुछ है, कार्यकर्ताओं की वजह से ही हम विधायक, सांसद बनते हैं। मुझे यहां तक पहुंचाने वाले भी कार्यकर्ता ही हैं। हर घर तक जाके एक-एक मतदाता से संपर्क कर जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराके वही जिताते हैं। इस लोकसभा चुनाव प्रचार के दरमियान भीषण गर्मी में जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने अपना पसीना बहाया है उनका यही समर्पण प्रदेश में सभी ग्यारह सीटें जिताएगा। मतदाताओं ने मोदी जी का कामकाज देखा है, हमें भी परखा है। यह कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का। एक साक्षात्कार में श्री साय ने कहा कि विनम्रता मेरा स्वभाव है मगर प्रशासन चलाने में यह कभी आड़े नहीं आता क्योंकि दोनों अलग अलग बातें हैं। छत्तीसगढ़ के हित में बड़े और कड़े निर्णय लेने में हम सक्षम हैं और जब जनहित की बात आती है तो कोई भी बख्शा नहीं जाता। श्री साय ने कहा कि मोदी जी के दस वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्य ढ़ हर घर बिजली-पानी, फ्री राशन, गैस सिलेंडर, बैंक अकाउंट खुलवाना, शौचालय निर्माण सहित करोड़ों लोगों की भावना से जुड़े भगवान राम मंदिर का निर्माण और दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेगा की तर्ज पर धारा 370 हटाना जैसी अनेक उपलब्धियां लोगों के बीच लेकर जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी जबसे हमारी सरकार बनी है, मोदी की गारंटी पर रॉकेट की गति से सांय-सांय काम हो रहे है जिसे जनता समझ रही है। दुसरे प्रदेशों में लगातार सभाओं के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, उड़ीसा में प्रचार करने गया हूं जहां पूरा वातावरण भाजपा के पक्ष में हैं और '400 पार' का हमारा 'संकल्प' साकार होता दिखाई दे रहा है।भ्रष्टाचार, धर्मांतरण, महादेव ऐप, शराब, कोयला घोटाले जैसें मुद्दे क्या अभी भी लोगों के बीच में हैं? के प्रश्न पर विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिल्कुल आज भी लोगों के जेहन में है, अभी महादेव ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री के उपर एफआईआर दर्ज हुई है। कोयला, रेत, डीएमएफ, शराब सहित कई घोटालों में लिप्त पाए गए कांग्रेसी एवं उनका सहयोग करने वाले अधिकारी आज जेल में हैं। जांच एजेंसियां लगातार जांच कर रही है जिसमें कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। 'राम मंदिर' एवं आपके द्वारा शुरू की गई 'रामलला दर्शन' योजना का प्रभाव लोगों के बीच कितना है? के जवाब में सीएम ने कहा जब भी चुनावी सभाओं में रामलला की बात होती है तो तालियों की गड़गड़ाहट सबसे ज्यादा होती है। छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या में राम मंदिर बनने की बहुत अपेक्षा थी। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है जिस कारण राम जी भांचा हुए इसलिए राम जी से सबको बहुत लगाव है और जब 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम विराजे तो सभी छत्तीसगढ़वासियों को बहुत खुशी हुई। यहां से चावल-सब्जी भी गया, लोगों ने वहां जाके लंगर चलाए तो डॉक्टरों ने महीनों तक नि:शुल्क इलाज किए। छत्तीसगढ़ के चुनावी सरगर्मी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जगहों पर हमारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित कई बड़े नेताओं के दौरे लगातार हो रहे हैं। मोदी जी के दस वर्ष और हमारी सरकार के तीन महीनों के काम का असर लोगों के बीच में हैं।

# पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग के शक में चौकीदार को बेरहमी से उतारा मौत के घाट, फिर सबूत छुपाने शव को जलाया



**बिलासपुर।** न्यायधानी के कोटा क्षेत्र के एक फार्म हाउस में कुछ दिनों पहली हुई चौकीदार की खौफनाक हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. चौकीदार की हत्या उसके पड़ोसी ने ही निर्मम तरीके से की थी. पत्नी के चरित्र पर शक के चलते पति ने पत्नी के प्रेमी की हत्या कर दी और शव को जलाकर साक्ष्य छिपाने की कोशिश की. पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि बीते 21 अप्रैल को कोटा क्षेत्र के बेलटुकरी के ओंकार फार्म हाउस के अंदर रामफल यादव की लाश मिली थी. मृतक का जला हुआ शव जमीन पर पड़ा हुआ था. मामले में पुलिस ने जांच शुरू की. इस दौरान आसपास के लोग और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पड़ोसी भगेला केंवट से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि अपनी पत्नी के चरित्र शंका पर मृतक रामफल यादव की लोहे की गंडासी (चापड़) से गले में वारकर हत्या कर दी. वहीं हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने मृतक के शव को जला दिया. पुलिस ने घोंघाडीह निवासी आरोपी भगेला केवट को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेजने की तैयारी में है।

### चौकीदार की हत्या कर शव को जलाया

- कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलटुकरी में ओंकार नामक फार्म हाउस में रामफल यादव चौकीदारी करता था. यहां वह अकेले रहता था. उसके परिवार के सदस्य गांव के घर पर रहते हैं. 21 अप्रैल की रात गांव के कुछ लोग फार्म हाउस तरफ गए, तब उन्हें कुछ जलने का आभास हुआ. फॉर्म हाउस के अंदर जाकर देखा की रामफल की लाश बुरी तरह जली पड़ी थी. लोगों ने इस घटना की जानकारी रामफल के परिजन और पुलिस को दी. पुलिस को फार्म हाउस में चाकू और धारदार हथियार मिले, जिसमें खून लगे थे. वहीं दीवार पर भी खून के छींटे मिले थे. जिसके बाद मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी.

# सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रेलवे फाटक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रताप सिंह ध्रुव 33 वर्ष व करण भारती 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अक्षय पाठक 29 वर्ष एवं सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी नेतराम साहू 45 वर्ष व घनश्याम देवांगन 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सलीम धोबानी 55 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी मोह.आमीर 22 वर्ष व सरफराज खान 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी पंकज टण्डन 25 वर्ष व कमलेश टण्डन 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नारायण चतुर्वेदी 44 वर्ष व गोवर्धन गायकवाड़ 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# मतदान से पहले फूटा कांग्रेस का लेटर बम, ब्लॉक अध्यक्ष ने पीसीसी चीफ को पत्र लिखकर विधायक पर लगाया उपेक्षा करने का आरोप






**बिलासपुर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के मतदान से पहले बिलासपुर में कांग्रेस का लेटर बम फूटा है. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र लिखकर कोटा विधायक पर गंभीर आरोप लगाया है. विधानसभा चुनाव से पहले ऑडियो बम की तरह इस बार फूटे लेटर बम ने कांग्रेस के भीतर कोहराम मचा दिया है। दरअसल, बिलासपुर के कोटा विधानसभा अंतर्गत आने वाले रतनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सूर्या ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को चिट्ठी लिखकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव पर कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया है. कांग्रेसियों ने साफ-साफ लिखा है कि यदि कोटा विधानसभा में कांग्रेस हारती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी अटल श्रीवास्तव की होगी। इधर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि मेरे खिलाफ झूठी शिकायत की गई है. ब्लॉक अध्यक्ष अपनी मनमानी कर रहे हैं, कांग्रेस संगठन एक तरफ और वो अकेले दूसरी तरफ खड़े हैं. बूथ से लेकर हर एक कार्यकर्ता पूरे ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी के हित में और प्रत्याशी को चुनाव जीतने के लिए लगे हुए है. ये शिकायत कांग्रेस को छवि को धूमिल करने की साजिश का हिस्सा है।

# विष्णु देव बोले : मुझे यहाँ तक पहुँचाने वाले कार्यकर्ता हैं

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीतेंगे सभी 11 सीटें

**रायपुर।** कार्यकर्ता ही सब कुछ है, कार्यकर्ताओं की वजह से ही हम विधायक, सांसद बनते हैं। मुझे यहां तक पहुंचाने वाले भी कार्यकर्ता ही हैं। हर घर तक जाके एक-एक मतदाता से संपर्क कर जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराके वही जिताते हैं। इस लोकसभा चुनाव प्रचार के दरमियान भीषण गर्मी में जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने अपना पसीना बहाया है उनका यही समर्पण प्रदेश में सभी ग्यारह सीटें जिताएगा। मतदाताओं ने मोदी जी का कामकाज देखा है, हमें भी परखा है। यह कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का।

एक साक्षात्कार में श्री साय ने कहा कि विनम्रता मेरा स्वभाव है मगर प्रशासन चलाने में यह कभी आड़े नहीं आता क्योंकि दोनों अलग अलग बातें हैं। छत्तीसगढ़ के हित में बड़े और कड़े निर्णय लेने में हम सक्षम हैं और जब जनहित की बात आती है तो कोई भी बख्शा नहीं जाता। श्री साय ने कहा कि मोदी जी के दस वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्य ङ्क हर घर बिजली-पानी, फ्री राशन, गैस सिलेंडर, बैंक अकाउंट खुलवाना, शौचालय निर्माण सहित करोड़ों लोगों की भावना से जुड़े भगवान राम मंदिर का निर्माण और दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेगा की तर्ज पर धारा 370 हटाना जैसी अनेक उपलब्धियां लोगों के बीच लेकर जा रहे हैं।



छत्तीसगढ़ में भी जबसे हमारी सरकार बनी है, मोदी की गारंटी पर रॉकेट की गति से सांय-सांय काम हो रहे है जिसे जनता समझ रही है। दुसरे प्रदेशों में लगातार सभाओं के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, उड़ीसा में प्रचार करने गया हूं जहां पूरा वातावरण भाजपा के पक्ष में हैं और '400 पार' का हमारा 'संकल्प' साकार होता दिखाई दे रहा है।भ्रष्टाचार, धर्मांतरण, महादेव ऐप, शराब, कोयला घोटाले जैसें मुद्दे क्या अभी भी लोगों के बीच में हैं? के प्रश्न पर विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिल्कुल आज भी लोगों के जेहन में है, अभी महादेव ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री के उपर एफआईआर दर्ज हुई है। कोयला, रेत, डीएमएफ, शराब सहित कई घोटालों में लिप्त पाए गए कांग्रेसी एवं उनका सहयोग करने वाले अधिकारी आज जेल में हैं। जांच एजेंसियां लगातार जांच कर रही है जिसमें कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं।

'राम मंदिर' एवं आपके द्वारा शुरू की गई 'रामलला दर्शन' योजना का प्रभाव लोगों के बीच कितना है? के जवाब में सीएम ने कहा जब भी चुनावी सभाओं में रामलला की बात होती हैं तो तालियों की गड़गड़ाहट सबसे ज्यादा होती है। छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या में राम मंदिर बनने की बहुत अपेक्षा थी। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है जिस कारण राम जी भांचा हुए इसलिए राम जी से सबको बहुत लगाव है और जब 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम विराजे तो सभी छत्तीसगढ़वासियों को बहुत खुशी हुई। यहां से चावल-सब्जी भी गया, लोगों ने वहां जाके लंगर चलाए तो डॉक्टरों ने महीनों तक निःशुल्क इलाज किए। छत्तीसगढ़ के चुनावी सरगर्मी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जगहों पर हमारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित कई बड़े नेताओं के दौरे लगातार हो रहे हैं। मोदी जी के दस वर्ष और हमारी सरकार के तीन महीनों के काम का असर लोगों के बीच में हैं।




## लघुकथा-बसेरा

श्यामसुंदर जी के पत्नी के स्वर्गवास हो जाने के बाद वह गांव को छोड़कर बेटे और बहू के साथ रहने शहर आ गए। बेटा अक्सर अपने ऑफिस के कामो में व्यस्त रहता, पिता का ख्याल रखने और हालचाल पूछने की ठीक से उसे समय नहीं मिल पाता था। बहू भी घर के काम तथा अपने सहेलियों से मोबाइल में बात करने से उसे फुर्सत कहां? दो पोते थे वे भी बड़े हो गए तो अध्ययन करने विदेश चले गए थे। श्यामसुंदर जी को अकेलापन खुब खलता, भौतिक सुख-सुविधा वाले मकान में उसे बड़ी बेचैनी लगती जहां वह रहता उस कॉलोनी के पास एक छोटा सा बगीचा था। वह वहां सुबह-शाम टहलने जाया करता कुछ पल बगीचे में आराम करने से मन को बड़ी शुकून और खुशी मिलता था। बगीचे का हरा-भरा वातावरण, रंग-बिरंगे फूल, तितलियां शुद्ध हवा और पंक्षियों की चहचहाहट बगीचे की सौंदर्य में चार चांद लगा लगा रहें थे। श्यामसुंदर जी पंक्षियों के लिए प्रतिदिन अनाज का टुकड़ा एंव मिट्टी के मटके में पानी भर पेड़ो के नीचे रख दिया करते, अब बगीचे में तरह-तरह पंक्षियां भी खुब सारे आने लगे। श्यामसुंदर जी अचानक अस्वस्थ हो गए और कुछ दिनो तक घर से नहीं निकले। एक रोज वे घुमने बगीचे की ओर गए वहां पर देखा कुछ लोग मिलकर पेड़ो को काट रहे थे। उन लोगो को देखकर बड़ा आश्चर्य! हुआ उसने एक आदमी से पुछा भाई आप इन पेड़ों को क्यो काट रहें हो? वह आदमी बोला-हमारे साहब ने इसे काटने को कहा है। यहां पर बड़ा सा दुकान (मॉल) बनेगा उनकी यह बात को सुनकर श्यामसुंदर जी को बड़ी आघात लगा। फिर वे मन में सोचे यह बसेरा भी पंक्षियों और उसका लुट चुका था, अब वे उनसे हमेशा के लिए अलग हो गए थे। उसी वक्त उसने फैसला लिया कि वह गांव में ही रहेंगे, पंक्षियों और हरे भरे वृक्षो के बीच जहां उसे कोई दुसरा बसेरा ढूंढना नहीं पड़ेगा।

## भाजपा को विजयश्री दिलाने दुर्गम इलाकों दुरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक कैसे पहुंच रहे हैं हिन्दुत्व के धर्मध्वजा वाहक

**जशपुर/भारत सम्मान/बिपिन सिंह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री,हिन्दुत्व रक्षक योद्धा,घर वापसी अभियान के नायक कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव इन दिनों रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में चप्पे-चप्पे पर नज़र आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जशपुर जिले के दुरस्थ वनांचल गांव मकरीबंधा पहुंचे धर्मध्वजा वाहक कुमार का स्वागत वहां के ग्रामीणों ने पुरातन पारंपरिक रिति रिवाजों का निर्वहन करते हुए किया और देश प्रदेश के वर्तमान हालातों पर चर्चा करते हुए अपने नायक को ग्रामीण इलाकों में होने वाले कई प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया ! कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव ने ग्रामीणों से सभी समस्याओं के निवारणार्थ भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार राधेश्याम राठिया को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुए कहा कि हम सबने मिलकर अपने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है और भाजपा आलाकमान ने जशपुर रियासत को सम्मान देते हुए जशपुरिया माटी के लाल को प्रदेश का मुखिया बनाया जो जिले के लिए गौरव की बात है !



उन्होंने आगे कहा कि अब हम सबको मिलकर केन्द्र में भी पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकारी बनानी है ताकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के हाथों में हिन्दुस्तान की बागडोर बनी रहे और हमारे छत्तीसगढ़ राज्य में डबल इंजन की सरकार विकास की गाथाएं गढ़ती रहे। विगत दिनों प्रदेश के मुखिया माननीय विष्णु देव साय जी के साथ हेलीकॉप्टर से छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले पाठक्षेत्र के चुन्दापाठ पहुंचे जहां अपने रियाया को उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान करके पुन: मोदी को विजयश्री दिलाने की अपील की। ज्ञातव्य हो कि भाजपा प्रदेश मंत्री कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव जी के कार्यप्रणाली और मिलनसार रव्वैये ने क्षेत्र के कई कट्टर कांग्रेसी नेताओं के विचारधाराओं को बदल दिया और उन्हें भाजपा में प्रवेश कराया। उदाहरणार्थ निचघाट के जोकारी निवासी इसाई समुदाय से संबंधित कट्टर कांग्रेसी नेता सिरजुष तिर्की ने स्वैच्छिक इच्छा जाहिर की कि उन्हें भाजपा में शामिल होकर अपने लोगों की सेवा करनी है, तब हिन्दू कुल तिलक कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव ने स्वयं उन्हें फुलों का हार और भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश काराया! बहरहाल हिन्दुत्व के ध्वजवाहक कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव की मेहनत नजर आ रही है क्योंकि कट्टर कांग्रेसी कहे जाने वाले समुदाय विशेष के कई दिग्गज बुद्धिजीवी कुमार की पहल पर धड़ल्ले से भाजपा प्रवेश कर रहे हैं और भाजपा को विजयश्री दिलाने के लिए चुनावी मैदान में उतर चुके हैं !




## विश्व प्रेस दिवस के अवसर पर पत्रकारिता से जुड़े समस्त बंधुओ को हार्दिक शुभकामनाएं

**भारत सम्मान, अंबिकापुर।** भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता को माना जाता है क्योंकि यहां लोगों को अभिव्यक्ति की आजादी है, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से सुनिश्चित होती है। रोहन दुबे जिला अध्यक्ष सरगुजा भारतीय जनता मजदूर संघ (निर्माण श्रमिक फोरम) द्वारा यह बताया गया कि, प्रेस की स्वतंत्रता और अधिकारों का सम्मान जरूरी है प्रेस के माध्यम से विभिन्न विषयों पर विचारों की अभिव्यक्ति होती है एवं आमजन की आवाज को बुलंदी मिलती है। रोहन ने यह बताया की, इस दिवस का मूल उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है साथ ही यह दिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए और उसका सम्मान करने की प्रतिबद्धता की बात करता है प्रेस की आजादी के महत्व के लिए दुनिया को आगाह करने वाला यह दिन बताता है की लोकतंत्र के मूल्यों की सुरक्षा और उसे बहाल करने में मीडिया अहम भूमिका निभाती है।

## औरंगजेब का नहीं, सिखों गुरुओं का है ये भारतः मनजिंदर सिंह सिरसा

**रायपुर।** ये भारत औरंगजेब का नहीं, सिखों के गुरुओं का है. यही वो लालकिला है, इसी लालकिला से पीएम जय जयकार कर रहे हैं. गुरू तेग बहादुर का काम उजागर कर रहे हैं. हमारे सारे सिख यह निश्चित करें, और सभी पीएम मोदी को मतदान करें. हम सब मोदी जी के परिवार हैं, और मोदी जी हमारे परिवार हैं. यह बात बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कही। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में छत्तीसगढ़ के मतदाता, खासतौर से सिख मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए रायपुर पहुंचे मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रेस से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने पंजाबी समाज और सिख समाज से वार्ता रखी है. 100 फीसदी वोट डालें, उसके लिए हम प्रयासरत हैं.



जिस तरह से सिख कौम के लिए मोदी जी ने जो काम किए है वो सद्भाव के समान है। सिरसा ने 1994 के दंगों का जिक्र करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने 8 हजार सिखों को मारने काम किया. ट्रेन से निकलवा कर मरवा दिया. बच्चों को जलवा दिया. कमलनाथ जैसे लोग, जिनको कांग्रेस अपने साथ में बिठाती थी, उनको जेल में डालने का काम बीजेपी ने किया है. हमारे सिख आज कभी भी दर्शन करने जा सकता है. पीएम में औरंगजेब जैसी सड़कों का नाम खत्म किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में हम छोटे भाई के तरह चुनाव लड़ते थे. अकाली दल वहां बड़े दल के रूप में काम करता है. आम आदमी पार्टी वहां है. आज हम अकेले वहां पार्टी है. वहां सिटिंग मेंबर हमारे साथ आ गए है. पंजाब में इस बार 13 सीटों में अधिकांश सीट जीतेंगे, और हमारे पास रहेगी. हरियाणा के अंदर बहुत छोटी सी पार्टी है. 2027 में पंजाब में हमारा मुख्यमंत्री होगा. भारतीय जनता पार्टी का मकसद सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि लोगों का विकास करना है. भारतीय जनता पार्टी से देश की जनता से कितना खुश है।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547